उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 213 /05/कम्प्यूटर अनुभाग(बारह)/2025/01-परीक्षा/2025

लखनऊ : दिनांक : 09 दिसम्बर, 2025

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2025, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (Preliminary Eligibility Test-PET)-2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 06.09.2025 एवं 07.09.2025 को प्रदेश के 48 जनपदों के 1479 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी थी। उक्त परीक्षा हेतु पंजीकृत कुल 2531996 अभ्यर्थियों में से 1943171 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए तथा 588825 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

मा0 आयोग द्वारा उक्त लिखित परीक्षा से सम्बन्धित अभ्यर्थियों के स्कोर/परिणाम पर अनुमोदन प्रदान किया गया है। प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों का स्कोर/परीक्षा परिणाम आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने की तिथि से 03 वर्ष तक प्रभावी होगा।

सूच्य है कि आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के उपरांत भी 41 अभ्यर्थियों द्वारा अपनी ओ0एम0आर0 शीट में प्रश्नपुस्तिका क्रमांक अंकित नहीं किया गया है अथवा त्रुटिपूर्ण अंकित किया गया है। उक्त 41 अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त करते हुए उनके स्कोर कार्ड में परीक्षा परिणाम की स्थिति तदनुसार Cancelled अंकित की गयी है।

सूच्य है कि 517 अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र अधीक्षकों द्वारा लिखित परीक्षा हेतु औपबन्धिक प्रवेश दिया गया है, उक्त अभ्यर्थियों के स्कोर कार्ड में परीक्षा परिणाम की स्थिति तदनुसार Provisionally Allowed अंकित की गयी है।

सूच्य है कि 44 अभ्यर्थियों के स्कोर कार्ड में परीक्षा परिणाम की स्थिति Unfair Means अंकित की गयी है।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (Preliminary Eligibility Test-PET)-2025 की लिखित परीक्षा का परिणाम/ स्कोर आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होम पेज पर दिये गये Results सेगमेंट/ लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपना स्कोर/ परिणाम देख व डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा स्कोर/ परिणाम देखने व डाउनलोड करने सम्बन्धी यह सुविधा आयोग के अधिकृत मोबाइल एप पर भी उपलब्ध है।

09/12/2025

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।